हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 31 दिसंबर 2025

11 सेवा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ भी सीख…



12 अलविदा 2025: साल भर होती रही सियासी …



## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में बाइक सवार दंपति घायल

**बहादुरगढ़।** शहर में हुए एक सड़क हादसे को लेकर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता के अनुसार 24 दिसंबर को वह अपनी पत्नी के साथ बाइक पर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे एक अन्य बाइक चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पीड़ित ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह और उसकी पत्नी सड़क पर गिर गए और दोनों को चोटें आईं। हादसे के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### बरहाना गांव से महिला लापता

**झज्जर।** गांव बरहाना में एक महिला बीते तीन-चार दिनों से लापता है। परिजनों ने अपने स्तर पर महिला की तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चल पाया तो उन्होंने गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला के पति मदन सिंह ने बताया कि पत्नी नीलम बीती 28 दिसंबर की शाम घर से लापता है। करीब 55 वर्षीया नीलम की मानसिक स्थिति कमजोर है। उन्होंने अपने स्तर भी उसकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

### गोपाल मंदिर में सुंदरकांड पाठ आज

**झज्जर।** वैकुंठ एकादशी एवं नववर्ष आगमन के उपलक्ष्य में शहर के डायमंड चौक स्थित गोपाल मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। मानस मित्र संघ के महासचिव लक्ष्य वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में अमरधाम श्रीहरिमंदिर फर्रुखनगर के अधिष्ठाता डॉक्टर स्वामी उमानंद महाराज द्वारा सुंदरकांड में वर्णित जीवन को तनावमुक्त बनाने के उपायों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मानस मित्र संघ सदस्यों ने बैठक का आयोजन कर सुंदरकांड पाठ की रूपरेखा भी तैयार की।

### ट्रैक्टर खरीद पर मिलेगा तीन लाख का अनुदान

**झज्जर।** कृषि विभाग द्वारा जिला के अनुसूचित जाति के किसानों को नए ट्रैक्टर की खरीद पर अनुदान का अवसर दिया जा रहा है। सहायक कृषि अभियंता राजीव पाल ने बताया कि कृषि निदेशालय द्वारा जारी हिदायतों के मुताबिक जिला के अनुसूचित जाति के किसानों को 45 हॉर्स पॉवर से ऊपर के नए ट्रैक्टर की खरीद पर एस बी 89 स्कीम के तहत 3 लाख रूपये का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसान आगामी 15 जनवरी तक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.एग्रीहरयाणा.जी ओवी.इन विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### तलाव गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

# घर में चल रही थी कुआं पूजन की तैयारी मौत के बाद मातम में बदली खुशियां

ज्योति की शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी। 18 दिसंबर को उसे सिजेरियन आप्रेशन से बेटा पैदा हुआ था। जिसके बाद परिवार में खुशी का माहौल था

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

गांव तलाव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान करीब 23 वर्षीय ज्योति पत्नी सूरज के तौर पर हुई है। मामले की जांच अधिकारी जयश्री ने बताया कि ज्योति की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व हुई थी। बीती 18 दिसंबर को उसे सिजेरियन आप्रेशन से बेटा पैदा हुआ था। जिसके बाद परिवार में खुशी का माहौल था। सोमवार सुबह अचानक ज्योति की तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके उपरांत पुलिस ने परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह भिजवाया। बाद में मृतका के मायका पक्ष के लोग पहुंचने के बाद उनकी मांग पर चिकित्सकीय बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि मृतका के भाई कृष्ण के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा।







झज्जर। मृतक ज्योती, अस्पताल परिसर में विलाप करते परिजन व मृतका के मायका पक्ष से जानकारी लेते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

#### परिजनों का रो-रोकर रहा बुरा हाल

*विवाहिता की मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंचे मृतका के मायके पक्ष के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। मृतका की मां विजय अपनी पुत्री की मौत का विलाप करते समय एक बार सुध भी खो बैठी। जिसके बाद उसके साथ पहुंची अन्य महिलाओं ने ढांढस बंधाते हुए स्थिति संभाली।*

### लडरावन निवासी आशीष ने दी शिकायत

# मुनाफे का लालच देकर 5.14 लाख रुपये की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का एक नया मामला सामने आया है। गांव लडरावन निवासी आशीष ने साइबर थाने में शिकायत देकर अज्ञात आरोपियों द्वारा 5 लाख 14 हजार 621 रुपये की साइबर धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाया है।

पीड़ित आशीष ने बताया कि वह नोएडा में एक निजी कंपनी में नौकरी करता है और साथ ही शेयर मार्केट में भी थोड़ा-बहुत निवेश करता था। सितंबर माह के अंत में इंस्टाग्राम के माध्यम से शेयर मार्केट से जुड़े टिप्स और मुनाफे का दावा करने वाले एक ग्रुप का लिंक उसके सामने आया। लिंक खोलने पर वह व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गया। ग्रुप में लगातार लोग अपने मुनाफे के स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे, जिससे प्रभावित होकर आशीष भी निवेश के लिए तैयार हो गया। इसके बाद उसे एक अन्य व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां मुनाफे का लालच देकर उसे एक एप डाउनलोड करवाकर उस पर रजिस्ट्रेशन कराया गया। शिकायत के अनुसार 17 नवंबर से 11 दिसंबर के बीच अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांजैक्शन के जरिए आशीष से कुल 5 लाख 14 हजार 621 रुपये जमा करवा लिए गए। एप पर उसे उसका निवेश और मुनाफा दिखाया जाता रहा और खाते में करीब 9 लाख रुपये दिखाई देने लगे। लेकिन जब उसने पैसे निकालने की कोशिश की तो कोई राशि ट्रांसफर नहीं हुई और संबंधित मोबाइल नंबर भी बंद मिले। इसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। उसने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर साइबर थाना झज्जर ने मामला दर्ज किया है। साथ ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

**पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की**

# दयानंद नगर में डी प्लान से बनेगी गली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने मंगलवार को शहर के दयानंद नगर की गली नंबर-4 में सुनील के घर से जगवंती के घर तक एक्सटेंशन गली के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्डवासियों ने विधायक राजेश जून का स्वागत किया और लंबे समय से लंबित इस गली के निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक राजेश जून ने बताया कि डी-प्लान के तहत नगर परिषद द्वारा इस गली का निर्माण करवाया जाएगा। स्थानीय निवासियों ने उनसे यह गली बनवाने की मांग की थी।

इस गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया है। विधायक ने ठेकेदार को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि लोगों को लंबे समय तक आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके। विधायक राजेश जून ने सीएम नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में बहादुरगढ़ विधानसभा में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं और आए दिन क्षेत्र में लगातार नए विकास कार्यों का शुभारंभ एवं उद्घाटन किया जा रहा है।



बहादुरगढ़। नारियल फोड़कर गली निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

# पैक्स कर्मचारियों ने जिप चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

विभिन्न लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे मल्टीप्रपज पैक्स कर्मचारियों का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया गया। यूनियन के प्रधान विजय बाल्यान ने बताया कि उन्होंने अपनी मांगों के संबंध में जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना को ज्ञापन भी सौंपा। जिसके बाद कप्तान बिरधाना ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए हरको बैंक के चेयरमैन तक उनकी मांग पहुंचाने की बात कही। यूनियन प्रधान ने बताया कि वे लंबित मांगों के संबंध में केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के महाप्रबंधक को भी अवगत करा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ।

- **लंबित मांगों को लेकर लघु सचिवालय में किया प्रदर्शन**

उनकी प्रमुख मांगों में कर्मचारियों को एक जनवरी 2025 से महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत व 1 जुलाई 2025 से महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत देने, निलंबित किए गए कर्मचारियों को बहाल करने तथा पैक्स में जो अमानते जमा हैं उन्हें देने का प्रावधान करना शामिल हैं। इस मौके पर उपप्रधान जय सिंह जाखड़, महासचिव राकेश पहलवान, सह सचिव वीरेंद्र सिंह, प्रेम चंद शर्मा, रोहताश दलाल, दलजीत सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।





झज्जर। कप्तान बिरधाना को ज्ञापन सौंपते हुए पैक्स यूनियन प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

# घने कोहरे के बीच बेसहारा गोवंश बढ़ा रहे वाहन चालकों की परेशानी, दुर्घटना होने का बना अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

घने कोहरे के कारण जहां वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी दिक्कतें हो रही है, वहीं सड़कों पर खड़े बेसहारा गोवंशों ने वाहन चालकों की परेशानियों को और अधिक बढ़ा दिया है। गलियों, चौक चौराहों व हाईवे पर बेसहारा गोवंशों का जमावड़ा लगा रहता है। घने कोहरे के कारण ये बेसहारा गोवंश दिखाई नहीं देते। जिसके कारण दुर्घटना होने का खतरा मंडरा रहा है। कई दफा हादसे होते भी बचे है। जिसके कारण वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों ने संबंधित इकाई से मामले में सुध लेते हुए इन बेसहारा गोवंशों को गोशालाओं में भेजने की गुहार लगाई है। बता दें कि मंगलवार को भी दिन की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई। सड़कों पर वाहन रेंगते हुए दिखाई दिए। जिसके कारण आमजन की दिनचर्या प्रभावित रही और वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी हुई। सबसे अधिक परेशानी नौकरी पेशा लोगों और स्कूल कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को हुई। जिन्हें अपने संस्थानों में निर्धारित समय से बाद में पहुंचे। मंगलवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में तापमान में और अधिक गिरावट दर्ज करने का अनुमान लगा रहे है।





झज्जर। घने कोहरे में सड़कों के बीचों बीच खड़े बेसहारा गोवंश। फोटो : हरिभूमि

# बंदरों के उत्पात पर इनेलो ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर इन दिनों बंदरों के उत्पात से पूरी तरह त्रस्त है। नगर परिषद द्वारा लाखों रुपए खर्चने पर के बावजूद भी हजारों बंदर गलियों में उत्पात मचा रहे हैं। इसे लेकर इनेलो ने भी सवाल उठाए हैं। इनेलो नेता भूपेंद्र राठी ने कहा कि प्रतिदिन निर्दोष नागरिकों पर बंदरों द्वारा हमले किए जा रहे हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं में भय का माहौल है। लेकिन ट्रिपल इंजन सरकार इस समस्या पर आंखें मूंदे बैठी है।

इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने कहा कि बंदरों की बढ़ती संख्या और उनके हमलों ने बहादुरगढ़ नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। शहरवासियों की सुरक्षा ट्रिपल इंजन सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लेकिन भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। सोमवार को भी बतरा कॉलोनी में भी एक बुजुर्ग महिला संतोष कुमारी पर बंदरों के झुंड ने हमला कर घायल कर दिया। लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद बंदरों के उत्पात पर कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं होना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। भूपेंद्र के अनुसार बंदरों को पकड़ने के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हो रहा है। सरकार को स्थायी और प्रभावी नीति तैयार करनी चाहिए। बंदरों के पुनर्वास के लिए मानवीय और स्थायी समाधान लागू होना चाहिए। शहरवासियों को सुरक्षित माहौल दिया जाए।



बहादुरगढ़। शहर में सार्वजनिक स्थानों पर एकत्र बंदरों के झुंड।



बहादुरगढ़। बैठक में चर्चा करते युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन करेगी युवा कांग्रेस

**बहादुरगढ़।** हरियाणा युवा कांग्रेस की एक अहम बैठक मंगलवार को युवा कांग्रेस प्रभारी सत्यवान गहलोत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष चितवन व प्रदेश मीडिया चेयरमैन प्रदीप यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष धर्मेंद्र राणा ने बताया कि युवा कांग्रेस बहादुरगढ़ में आंदोलन का आगाज करेगी और प्रशासन को जवाबदेह बनाया जाएगा। बैठक में बहादुरगढ़ शहर की जमीनी समस्याओं पर गंभीरता से मंथन किया गया। सबसे पहले शहर के स्टेडियम की बदहाल स्थिति को लेकर चर्चा हुई। सत्यवान गहलोत ने कहा कि बहादुरगढ़ के स्टेडियम खस्ताहाल है और खिलाड़ी सुविधाओं के अभाव में परेशान हैं। प्रदीप यादव ने सिविल अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी गंभीर चिंता जताई। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जनता का अधिकार हैं, लेकिन बहादुरगढ़ में सरकारी अस्पताल की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है, जिससे मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। धर्मेंद्र राणा ने कहा कि शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था व जगह-जगह फैली गंदगी आम जनता की परेशानी का बहुत बड़ा कारण बनी हुई है। नालियां ओवरफ्लो हैं और कूड़े के ढेर बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। यह स्थिति प्रशासन की लापरवाही को साफ दर्शाती है। संदीप दहिया ने कहा कि युवा कांग्रेस युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाएगी और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ेगी। इस अवसर वरिष्ठ कांग्रेस नेता वेद प्रधान, युवा शहरी अध्यक्ष पंकज फोगाट, जॉनी राठी, विनय, विक्की शर्मा, सौरव डागर, विजय राठी, सूरज राठी, विनोद राणा, विनोद राठी आदि मौजूद रहे।

# नए साल के स्वागत को पुलिस-पब्लिक तैयार

**बहादुरगढ़।** नया साल नई आशाओं के साथ अपने आगमन की दहलीज पर है। इसके मद्देनजर शहर के होटलों और रेस्टोरेंटों में जश्न की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। हर तरफ रोशनी और सजावट हो रही है। पुलिस की ओर से भी इस अवसर के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही शहरवासियों को सावधान रहने की हिदायत दी जा रही है। नव वर्ष पर अनेक संस्थाएं भी पारिवारिक मिलन कार्यक्रम आयोजित करती हैं। जिसमें संगठनों के सदस्य एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाइयां देते हैं और एकजुट रहने का संकल्प लेते हैं। वहीं कुछ लोग नव वर्ष के पहले दिन घर में विशेष पूजा व कथा करवाते हैं। आर्य सतपाल वत्स कहते हैं कि नव वर्ष पर हर व्यक्ति को घर में यज्ञ कराना चाहिए। होटल व रेस्टोरेंट से लेकर ढाबा संचालकों ने खास तैयारियां की हैं। होटल और रेस्टोरेंट मालिकों द्वारा मेहमानों के लिए गेम, डांस, क्विज आदि का प्रोग्राम किया जा रहा है। लोग भी नए साल का स्वागत करने और इस मौके पर आनंद मनाने की तैयारी में जुटे हैं। सेक्टर-6 थाना प्रभारी जयभगवान दहिया के अनुसार नववर्ष की पूर्व संध्या पर पार्टी के दौरान कुछ लोग हुड़दंग भी करते हैं। पुलिस द्वारा नियम तोड़ने वालों से लेकर होटल संचालकों को विशेष हिदायतें जारी की गई हैं। महिलाओं की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। यातायात थाना प्रभारी सतीश कुमार के अनुसार इस दौरान ट्रैफिक पुलिस अलग-अलग इलाकों में तैनात रहेगी। शराब पीकर तेज वाहन चलाते हैं, जिस कारण दुर्घटना की आशंका रहती है। उन पर विशेष सख्ती रहेगी।

### कुत्तों की नसबंदी अभियान में नियमों की अनदेखी का आरोप

# अधिवक्ता ने की विजिलेंस जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर में कुत्तों की नसबंदी के लिए चलाए जा रहे अभियान को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। नसबंदी प्रक्रिया के दौरान नियमों की अवहेलना के आरोप लगाने के साथ, भ्रष्टाचार की आशंका भी जताई जा रही है। मामले में अब दिल्ली उच्च न्यायालय के एक अधिवक्ता ने हस्तक्षेप करते हुए हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक को शिकायत भेजी है और विजिलेंस जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

अधिवक्ता नवीन सिंगल द्वारा शहरी निकाय विभाग के सचिव, जिला उपायुक्त झज्जर, भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के निदेशक, राज्य पशु कल्याण बोर्ड के सचिव, स्टेट विजिलेंस एवं एंटी करप्शन ब्यूरो के महानिदेशक, एसीबी रोहतक के एसपी और नगर परिषद बहादुरगढ़ के कार्यकारी अधिकारी को ई-मेल से शिकायत प्रेषित की गई है। एडवोकेट नवीन सिंगल ने बताया कि बहादुरगढ़ में 3 हजार कुत्तों की नसबंदी के लिए लगभग 36 लाख रुपये का ठेका नैन फाउंडेशन को दिया गया है। लेकिन संस्था के पास इस कार्य के लिए पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 के तहत आवश्यक एडब्ल्यूबीआई की मान्यता नहीं है।

इसके बावजूद अभियान शुरू कर दिया गया। पिछले कुछ दिनों में 25 से 30 बेसहारा कुत्तों को पकड़कर उनके इलाकों से हटाया गया। नियमों के अनुसार, कुत्तों को मानवीय तरीके से पकड़ना, अधिकृत वाहनों में परिवहन, प्रशिक्षित स्टाफ और वैध दस्तावेज अनिवार्य हैं, लेकिन इन शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा। कुत्तों को पकड़ने और ले जाने में बिना उचित पिंजरों और पहचान चिह्नों वाले अनधिकृत वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह एक तरह से पशु क्रूरता है। इस काम में लगे कर्मचारियों के पास आवश्यक प्रशिक्षण नहीं है और दस्तावेजों की वैधता, जांच का विषय है।

#### सभी एबीसी कार्यों को तत्काल प्रभाव से किया जाए निलंबित

एक अन्य गंभीर आरोप ये है कि बहादुरगढ़ से पकड़े गए कुत्तों को नसबंदी के लिए 50-55 किलोमीटर दूर रोहतक स्थित ले जाया जा रहा है। जबकि नियमों के अनुसार कुत्तों को उसी क्षेत्र में नसबंदी कर टीकाकरण के बाद वापस छोड़ा जाना चाहिए। इस अंतर-शहरी व्यवस्था से न केवल नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि बीमारियों के फैलने, रिकॉर्ड में गड़बड़ी और नसबंदी के दावों की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अधिवक्ता नवीन ने मांग की है कि नैन फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सभी एबीसी कार्यों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए, नगर परिषद के अधिकारियों की भूमिका की विजिलेंस जांच कराई जाए, नियमों के उल्लंघन पर एजेंसी को ब्लैकलिस्ट किया जाए और जांच में दोषी मिलने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय व आपराधिक कार्रवाई की जाए। साथ ही जिला पशु चिकित्सा अधिकारी और एडब्ल्यूबीआई के प्रतिनिधियों द्वारा तुरंत निरीक्षण कराने की भी मांग की गई है। शिकायत में स्पष्ट किया गया है कि वैध मान्यता और उसी नगर क्षेत्र में पूर्ण रूप से अनुपालन करने वाले एबीसी केंद्र के बिना किसी भी नसबंदी अभियान की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मौजूदा तरीके को अवैज्ञानिक, अवैध और अपारदर्शी बताते हुए अधिवक्ता ने प्रशासन से शीघ्र और निर्णायक कार्रवाई की उम्मीद जताई है।





# रणबीर की लव एंड वॉर दोबारा हुई पोस्टपोन

**मुंबई।** रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की स्टाटर फिल्म 'लव एंड वॉर' एक बार फिर से पोस्टपोन हो गई है। पहले मार्च और मई में आने के लिए शेड्यूल हुई इस मूवी की रिलीज आगे बढ़ गई है, जिससे नितेश तिवारी की 'रामायणम' की टीम निराश हो गई है। रणबीर कपूर के दो बड़े प्रोजेक्ट पाइपाइन में हैं। एक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' और दूसरी नितेश तिवारी की 'रामायणम'। दोनों के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। हालांकि, उन्हें अभी लंबा इंतजार करना होगा।

लाइफ Style

# मृणाल

## नए साल से पहले छुट्टी मनाने निकलीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नए साल का जश्न मनाने के लिए किसी नई जगह पर रवाना हुई हैं। उन्होंने काम से छुट्टी ली और वह घूमने निकल गईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी कुछ झलकियां साझा की हैं। 'सीता रामम' फेम अभिनेत्री ने अपनी शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनकी तस्वीरों ने फैंस का ध्यान खींचा है।

मृणाल ठाकुर ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें देखा जा सकता है कि वह काफी खुश हैं। एक तस्वीर में उन्होंने चश्मे के साथ पोज दिया है। एक दूसरी तस्वीर में वह रोड के किनारे पोज दे रही हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने वीडियो भी शेयर किया है। इसमें वह आइसक्रीम का आनंद ले रही हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा है 'बहुत जरूरी'। इसके साथ उन्होंने कई इमोजी बनाए हैं। इसे देख कर लगता है कि वह छुट्टी के दौरान घूमने-फिरने, खाने और आराम करने को सबसे ज्यादा जरूरी चीज बता रही हैं। मृणाल ठाकुर की पोस्ट पर कई फैंस ने दिल वाले इमोजी के साथ कई कमेंट किए हैं। एक फैन ने उन्हें क्यूट बताया है, तो दूसरे ने लिखा, 'आप एक्सप्रेशन क्वीन और ब्यूटी क्वीन हैं।' एक यूजर ने मिस वर्ल्ड कह कर संबोधित किया है। मृणाल ठाकुर जल्द ही अदिवी शेष और अनुराग कश्यप के साथ फिल्म 'डकैत' में नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। वह फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का भी हिस्सा होंगी। इसका पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यही नहीं मृणाल ठाकुर 'है जवानी तो इश्क होना है' और 'पूजा मेरी जान' का भी हिस्सा होंगी।



हॉलीवुड मसाला



# अब तक बन चुके हैं 13 भाग...

**लॉस एंजिल्स।** 'हैलोवीन'साल 1978 में रिलीज हुई थी। डायरेक्टर जॉन कारपेंटर की फिल्म 'हैलोवीन'अब एक कल्ट क्लासिक बन चुकी है। 3 लाख डॉलर के कम बजट में बनाई गई इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड लगभग 70 मिलियन डॉलर की कमाई की, जो कि उस दौर में बहुत ज्यादा थी। 47 साल भी इस फिल्म एक डरावनी सीन आज भी लोगों के जहन में बना हुआ है। अब तक इस सीरीज की लगभग 13 फिल्में आ चुकी हैं और दर्शकों सभी को खूब एंजॉय किया है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे लड़के से शुरू होती है जो कम उम्र में ही अपनी 6 साल की बहन का मर्डर कर देता है।



# अवतार- एनाकोंडा एक दूसरे को दे रहीं टक्कर

**मुंबई।** भारतीय दर्शकों के लिए इन दिनों सिनेमाघरों में बॉलीवुड के अलावा दो हॉलीवुड फिल्में भी लगी हुई हैं। फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश और एनाकोंडा बॉक्स ऑफिस पर एक- दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं। अवतारः फायर एंड ऐश की रिलीज को 11 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 11वें दिन दूसरे सोमवार को 3.48 करोड़ रुपए की कमाई की है। कुल मिलाकर इस हॉलीवुड फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर 141.38 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। एनाकोंडा की रिलीज को पूरे पांच दिन हो चुके हैं। एनाकोंड ने पांचवें दिन सोमवार को 28 लाख रुपए की कमाई की है। वहीं, एनाकोंडा ने बॉक्स ऑफिस पर अभी तक कुल मिलाकर 4.78 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश का निर्देशन जेम्स कैमरून ने किया है।



# अलग अंदाज में न्यू ईयर मनाएंगी हुमा...

**मुंबई।** नया साल आने में चंद दिन बचे हैं। कई बॉलीवुड सेलेब्स इस मौके पर पार्टी करेंगे, वेकेशन पर जाएंगे। लेकिन, हुमा कुरैशी ऐसा कुछ नहीं करने वाली हैं। उनका न्यू ईयर सेलिब्रेशन का प्लान बिल्कुल हटकर है। यह तरीका सुनकर उनके फैंस भी हैरान हो जाएंगे। हुमा कुरैशी ने बताया कि वह न्यू ईयर पर ट्रैवल नहीं कर रही हैं। ना ही वेकेशन पर जा रही हैं। वह कहती हैं, ' मैं नए साल पर तीन दिन सोना चाहती हूं, क्योंकि मेरा यह साल बहुत बिजी रहा है। मैं एक नई फिल्म पर भी काम करने वाली हूं। इसलिए मैं साल के आखिर तीन दिन बस आराम करना चाहती हूं। मैं कुछ नहीं करना चाहती हूं। मैं सच में हॉलिडे पर्सन, रेजोल्यूशन पर्सन या पार्टी पर्सन नहीं हूं। मैं बस कुछ 'मी टाइम' चाहती हूं। मैं बस रिलैक्स करना चाहती हूं।



# पहली बार होगा महिला गैंग से सामना

**मुंबई।** गोलमाल फ्रेंचाइजी की फिल्म गोलमाल 5 को लेकर नया अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म में पहले ही तरह अजय देवगन, अरशद वारसी के अलावा शरमन जोशी भी नजर आने वाले हैं। इसके अलावा पहली बार किसी महिला विलेन की एंट्री होगी। बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी में शुमार 'गोलमाल' एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है, लेकिन इस बार कहानी में बड़ा ट्विस्ट होने वाला है। निर्देशक रोहित शेट्टी अपनी सुपरहिट सीरीज के पांचवें पार्ट 'गोलमाल 5' को एक नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार फिल्म सिर्फ कॉमेडी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें फैंटेसी एलिमेंट भी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही 'गोलमाल' की दुनिया में पहली बार एक महिला विलेन की एंट्री होने जा रही है।

टीवी मसाला

# इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी मेरे साथ ये सब मत करना

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट अचानक पैपराजी पर गुस्सा हो गईं। इसके बाद उन्होंने पैप्स को फटकार भी लगाई। बिग बॉस 19 की रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट शो के पूरा होने के बाद भी लगातार चर्चाओं में रहती हैं। यही कारण है कि जब भी फरहाना बाहर निकलती हैं, पैपराजी उनको घेर लेते हैं। एक बार फिर ऐसा ही हुआ, जब फरहाना शहर में निकलीं तो पैप्स उनके पीछे लग लिए। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिससे फरहाना का पारा हाई हो गया और वो पैप्स पर नाराज हो गईं। इसके बाद वो पैप्स को नसीहत देते भी नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ब्लैक आउटफिट में फरहाना एक रेस्टोरेंट के बाहर नजर आ रही हैं। इस दौरान वो पैपराजी से बातचीत भी करती हैं। लेकिन तभी फरहाना पैप्स को फटकार भी लगाती हैं और उनके कमेंट पर आपत्ति जताती हैं। दरअसल, इस दौरान एक पैपराजी कहता है, 'लगता है चढ़ गई है।' फरहाना पैपराजी के इस कमेंट को सुन लेती हैं। इसके बाद वो पैप्स को फटकार लगाते हुए कहती हैं, 'क्या बोल रहे थे अभी? पिया है, पी रखी है, कुछ तो ऐसा बोल रहे थे ना। मेरे सामने ये सब दोबारा मत करना। मैं मस्ती-मजाक में प्यार करती हूं। इज्जत दोगे तो इज्जत मिलेगी। ऐसी टिप्पणियां करके मुझसे मजाक न करना।' हालांकि, फरहाना इसके बाद भी पैपराजी को प्यार से हाथ हिलाकर अपनी कार में बैठ गईं।



## सुनील ने धरा आमिर का रूप

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर अपनी कॉमेडी के अलावा अपनी मिमिक्री से भी लोगों को हैरान करते रहते हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील ग्रोवर अक्सर ही अलग-अलग बॉलीवुड कलाकारों की मिमिक्री करते हैं। अब सुनील ग्रोवर ने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान की मिमिक्री की है। जिसकी एक झलक देखकर ही फैंस हैरान रह गए। क्योंकि, सुनील ग्रोवर हूबहू आमिर खान की ही तरह लग रहे हैं और बोल भी उन्हीं की तरह रहे हैं।'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे बतौर मेहमान पहुंचेंगे। अभी शो का सिर्फ प्रोमो सामने आया है। इस प्रोमो में ही सुनील ग्रोवर आमिर खान बनकर पहुंचते हैं। आमिर के गेटअप में सुनील ने मेहमानों से बातचीत करते हुए उनकी कई शादियों पर चुटकुले सुनाए और रिश्तों को लेकर सलाह भी दी। साथ ही उन्होंने कार्तिक और अनन्या की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के टाइटल का भी मजाक उड़ाया। इसका प्रोमो सामने आया है और इसमें सुनील ग्रोवर को आमिर के गेटअप में देखकर फैंस हैरान रह गए।



# पंचायत 5 से लेकर तस्करी तक 2026 में धूम मचाएंगी ये बड़ी वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** साल 2026 दस्तक देने के लिए तैयार है। सिनेमा प्रेमियों के लिए साल 2026 बहुत अच्छा होने वाला है। इसकी वजह है कि अगले साल कई बेहतरीन वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं। कुछ वेब सीरीज के अगले सीजन रिलीज होने वाले हैं।

***पंचायत सीजन 5*** : गांव के माहौल पर आधारित वेब सीरीज 'पंचायत' की सभी सीरीज ने दर्शकों का मनोरंजन किया है। दर्शकों ने इस सीरीज में सभी कलाकारों का अभिनय और सीरीज की कहानी को पसंद किया है। 'पंचायत' सीजन 1 साल 2020 में, सीजन 2 साल 2022 में, सीजन 3 साल 2024 में, सीजन 4 साल 2025 में रिलीज हुआ था। 'पंचायत' सीरीज का अगला सीजन 2026 में रिलीज हो सकता है।

***गुल्लक सीजन 5*** : मध्यवर्गीय परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित सीरीज 'गुल्लक' के सभी सीजन को दर्शकों ने खूब सराहा। 'गुल्लक' सीजन 1 साल 2019 में, सीजन 2 साल 2021 में, सीजन 3 साल 2022 में और सीजन 4 साल 2024 में रिलीज हुआ। सीरीज का 5वां सीजन साल 2026 में रिलीज हो सकता है।



***हीरामंडी सीजन 2*** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'हीरामंडी' के पहले सीजन को दर्शकों से खूब प्यार मिला। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन मई 2024 में रिलीज हुआ था। खबरों के मुताबिक 'हीरामंडी' का सीजन 2 साल 2026 या 2027 में रिलीज हो सकता है।

***फ्रीडम एट मिडनाइट सीजन 2*** : भारत के विभाजन, स्वतंत्रता और राजनीति पर आधारित वेब सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' को दर्शकों ने खूब सराहा। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी इस वेब सीरीज में सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा जैसे कलाकार नजर आए। इसका पहला सीजन 15 नवंबर 2024 को रिलीज हुआ था। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' सीजन 2 अगले साल 9 जनवरी को रिलीज होगा।

***तस्करीः द स्मगलर्स वेब*** : क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब' में इमरान हाशमी ने एक कस्टम ऑफिसर की भूमिका निभाई है। इसमें वह अंतरराष्ट्रीय तस्करी के काले नेटवर्क का पर्दाफाश करते दिखेंगे। दर्शक बेसब्री से इस सीरीज का इंतजार कर रहे हैं। यह 14 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है।

# रश्मिका और विजय उदयपुर में करेंगे शादी..!

*मुंबई। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार्स रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा को लेकर खबर है कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंध जाएंगे। अक्टूबर में परिवार की मौजूदगी में गुपचुप सगाई करने के बाद अब दोनों 2026 में जीवनसाथी बनने के लिए तैयार हैं। अब वेडिंग डेट और वेन्यु को लेकर एक खुलासा हुआ। 'रश्मिका और विजय की शादी 26 फरवरी 2026 को उदयपुर के एक महल में होने वाली है। उन्होंने एक ऐतिहासिक प्रॉपर्टी को फाइनल किया है। सगाई की तरह ही शादी को भी एकदम निजी रखे जाने की प्लानिंग है। सिर्फ उनके करीबी लोग ही शामिल होंगे।' रश्मिका और विजय ने दशहरा के एक दिन बाद 3 अक्टूबर 2025 को हैदराबाद में सगाई की। हालांकि, दोनों ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन विजय की टीम ने 'एचटी' को इसकी जानकारी दी है। उस समय उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि यह जोड़ा फरवरी में शादी करेगा। रश्मिका और विजय की सगाई में भी सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।*



## कई कलाकारों के लिए बेहतरीन होने वाला है साल 2026

# ये कलाकार बड़े पर्दे पर करेंगे डेब्यू, दिखाएंगे अभिनय का जलवा

*नई दिल्ली। साल 2026 दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस साल कई कलाकार बॉलीवुड की फिल्मों से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए रेडी हैं। इनमें कई सेलेब्स की संतानें हैं। पिछले साल राशा थडानी, जुनैद खान और खुशी कपूर जैसे कलाकारों ने बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू किया था। आइए जानते हैं साल 2026 में कौन से कलाकार बड़ी स्क्रीन पर नजर आ सकते हैं।*

**सुहाना खान** : शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान 2026 में बड़ी स्क्रीन पर नजर आने वाली हैं। वह शाहरुख खान स्टारर 'किंग' में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म की अभी रिलीज की तारीख तय नहीं हुई है। सुहाना खान ने 'द आर्जीच' से एक्टिंग में कदम रखा था। यह फिल्म साल 2023 में ओटीटी पर आई थी।

**अगस्तय नंदा** : अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा साल 2026 में बॉलीवुड फिल्म 'इक्कीस' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म में अगस्त्य परमवीर चक्र प्राप्तकर्ता मेजर अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाएंगे। अगस्त्य नंदा पहली बार 'द आर्चीज' में नजर आए थी। यह फिल्म ओटीटी पर आई थी।



**सिमर भाटिया** : अभिनेत्री सिमर भाटिया 2026 में फिल्म 'इक्कीस' से डेब्यू करने वाली हैं। वह अक्षय कुमार की भांजी हैं। फिल्म में वह अगस्त्य नंदा के साथ नजर आएंगी। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। इसमें दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र नजर आएंगे।





**यशवर्धन आहूजा** : खबरें हैं कि गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा एक फिल्म में काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बताया जाता है कि यह फिल्म रोमांटिक होगी। इसका निर्देशन साउथ के निर्देशक साई राजेश कर रहे हैं।

**मेधा राणा** : मेधा राणा फिल्म 'बॉर्डर 2' से बड़ी स्क्रीन पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इसमें वह वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। मेधा राणा सीरीज 'लंदन फाइल्स' में नजर आई थीं। इसमें अर्जुन रामपाल और पूरब कोहली अहम किरदार में थे। अब वह बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### फार्मर आईडी के लिए मिशन मोड में कार्य करें

**झज्जर।** फार्मर आईडी एग्रीस्टैक प्लेटफार्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो किसानों की पहचान को सुरक्षित करने और उन्हें सरकारी सेवाओं के लाभ तक पहुंच प्रदान करने में मददगार होगा। प्रत्येक किसान की एग्री स्टैक फार्मर आईडी हो, इसके लिए अधिकारी मिशन मोड में कार्य करें। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए दिए। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टैक फार्मर आईडी का उद्देश्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं तक किसानों की पहुंच को आसान बनाते हुए किसान केंद्रित लाभ प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि बैंक ऋण, पीएम किसान सम्मान निधि, क्षतिपूर्ति, खाद व बीज के अलावा कृषि अनुदान आधारित योजनाओं का लाभ आदि एग्री स्टैक फार्मर आईडी के माध्यम से दी जाएगी। कृषि संबंधित योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को फार्मर आईडी बनवाना बेहद जरूरी है।

# सेवा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ भी सीख रही हैं छात्राएं

### नूना माजरा राकवमावि में एनएसएस शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** एनएसएस कैंप में वक्ताओं की सीख सुनती स्वयंसेविकाएं।

नूना माजरा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे साप्ताहिक राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न सामाजिक व जागरूकता गतिविधियों में भाग लिया। प्रिंसिपल पूनम मक्कड़ के अनुसार शिविर का उद्देश्य छात्राओं में सेवा भावना, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना है।

मंगलवार को एनएसएस कैंप के तीसरे दिन की शुरुआत प्रातःकालीन प्रार्थना और योगाभ्यास से हुई। इसके उपरांत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुमन ने छात्राओं को स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। छात्राओं ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने कचरा एकत्र कर उसे निर्धारित स्थान पर डाला और लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर भी जागरूकता फैलाई।बहादुरगढ़ पत्रकार संघ के अध्यक्ष रवींद्र राठी, महासचिव राकेश पंवार और पत्रकार मनीष कुमार ने छात्राओं को समझाया कि छोटे-छोटे प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को पारिवारिक और सामाजिक दायित्वों का अहसास करवाते हुए समर्पण के साथ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अनुशासन के साथ सेवा और सहयोग की भावना बढ़ाने का आह्वान किया।

#### छात्राओं ने अनुभव साझा किए

*प्रिंसिपल पूनम मक्कड़ ने ने एनएसएस स्वयंसेविकाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। शिविर के दौरान वरिष्ठ अध्यापक सुरेश वर्मा ने छात्राओं को नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर जानकारी दी। तीसरे दिन के अंत में छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और शिविर से मिली सीख पर चर्चा की।*



**बहादुरगढ़।** विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करती स्कूल निदेशिका व प्रिंसिपल। फोटो : हरिभूमि

## स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल में मनाया खेल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

स्कॉलर्स ग्लोबल विद्यालय में खेल दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विद्यालय निदेशिका पूजा दहिया और प्रिंसिपल पूनम सक्सेना ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

खेल दिवस में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ सहित विभिन्न रिले रेसों में अपनी गति, संकल्प और खेल कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त दुपट्टा ड्रिल, जुम्बा ड्रिल व ताइक्वांडो ड्रिल विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण-पत्र के साथ पदक प्रदान कर सम्मानित किया। स्कूल एमडी पूजा दहिया के अनुसार खेल आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक, लाभदायक एवं मार्गदर्शक सिद्ध होते हैं। प्रिंसिपल पूनम सक्सेना ने बताया कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों में खेल भावना विकसित करते हैं, बल्कि उन्हें जीवन में नई दिशा और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

### प्रेम मंदिर में महिला श्रद्धालुओं ने किया सुंदरकांड पाठ



**झज्जर।** शहर के डायमंड चौक स्थित प्रेम मंदिर में मंगलवार को महिला श्रद्धालुओं द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। लैया बिरादरी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दीदी मीनाक्षी ने अपने साथी सदस्यों के साथ पहुंच कर सुंदर कांड पाठ के महत्व से अवगत कराया। इस मौके पर आशा शर्मा, कमलेश, उषा, रमेश, नीतू, किरण, मुकेश शर्मा, रेनू शर्मा, आशा तनेजा, नीलम शर्मा, कृष्णा सहित अन्य भी उपस्थित रहीं।

## डाबोदा में हुआ भव्य कीर्तन व भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** मंगलवार को डाबोदा गांव में जोहड़ पर कीर्तन करती महिलाएं।

मेहंदीपुर डाबोदा गांव में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच दादा जोहड़ वाले पर मंगलवार को कीर्तन एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और दादा जोहड़ वाले के चरणों में हाजिरी लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। कीर्तन के दौरान भजन मंडलियों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए, जिनसे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु दोपहर तक कीर्तन में लीन रहे और भजनों के माध्यम से दादा की महिमा का गुणगान किया गया। आयोजन के बाद भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में स्वच्छता और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। गांव टांडाहेड़ी निवासी बृजमोहन अजमेरिया, गुलाब सिंह, महेंद्र सिंह और आनंद ने बताया कि दादा जोहड़ वाले की कृपा से गांव में सुख-शांति और भाईचारे की भावना बनी रहती है। कार्यक्रम के दौरान गांव के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। प्रेम अजमेरिया, दिनेश कुमार, जयभगवान व ललित कुमार ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है।

## इस्कान ने 3 सौ छात्राओं को बांटी भगवत गीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को इस्कॉन द्वारा भगवत गीता का वितरण किया गया। दसवीं से 12वीं कक्षा की करीब 300 छात्राओं को भगवद गीता बांटी गई। साथ ही उन्हें भगवद गीता के महत्व के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीआई के अध्यक्ष सुभाष जग्गा मौजूद रहे। भगवत गीता वितरण के इस कार्यक्रम को टुडे फुटवेयर्स ग्रुप द्वारा प्रायोजित किया गया। उन्होंने छात्राओं को भगवद गीता के माध्यम से जीवन के मूल्यों और अध्यात्म के महत्व को समझाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में इस्कॉन मंदिर बहादुरगढ़ की ओर से शरद विहारिणी माताजी, सुमन लता माताजी, यदुपति प्रभु, महेंद्र श्रीवास्तव प्रभु और मनीष प्रभु ने भाग लिया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि भगवद गीता हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने, कर्म के महत्व और आत्म-शांति की दिशा में प्रेरित करती है। प्रिंसिपल प्रवीण दहिया ने बताया कि गीता के संदेश को समझकर छात्राएं जीवन की चुनौतियों का सामना करने और अध्यात्मिक विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी।

### टेबल टेनिस के लिए ट्रायल 5 जनवरी को

**झज्जर।** राष्ट्रीय स्तरीय सिविल सेवा खेल टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल आगामी पांच जनवरी को जिला खेल कार्यालय करनाल में आयोजित किए जाएंगे। यह ट्रायल संबंधित जिला खेल अधिकारी की अध्यक्षता में प्रशिक्षकों द्वारा लिए जाएंगे। जिला खेल अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि ट्रायल में जिले में कार्यरत सभी सिविल सेवाओं के कर्मचारी एवं अधिकारी भाग ले सकते हैं। केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड की हिदायतों के अनुसार इन प्रतियोगिताओं में बोर्ड व कॉरपोरेशन के अधीन कार्यरत कर्मचारी, अधिकारी, पुलिस विभाग, बिजली निगम तथा एचएसआईआईडीसी के कर्मचारी व अधिकारी भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।

## कोबी ने मनाया वार्षिक उत्सव



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में केक काटते कोबी के सदस्य व पदाधिकारी।

**बहादुरगढ़।** कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के गणपति धाम स्थित कार्यालय में चौथा वार्षिक उत्सव मनाया गया। गत चार वर्षों के दौरान उद्योगों के हित में किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उद्योगों से संबंधित समस्याओं का समाधान दिलवाने के लिए कोबी सदैव प्रतिबद्ध है। संस्था को आगे बढ़ाने में सदस्यों का विश्वास, सहयोग और सामूहिक प्रयास सबसे महत्वपूर्ण हैं। इस मौके पर महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, सत्यवीर हुड्डा, केदार सिंह भदौरिया, सतीश अग्रवाल, पुरुषोत्तम गोयल, दीपक शर्मा, तिलक राज गर्ग, रवि चमड़िया, विजेंद्र गुलाटी, नवल गर्ग, राजेश गर्ग, अनिल गोयल, रिंकी कपूर, दीपक साहनी व दुर्गेश धवन आदि उपस्थित रहे।



**झज्जर।** विश्व विजेता शूटर खिलाड़ी सुरुचि फौगाट को सम्मानित करते हुए डीसी।

### डीसी ने किया शूटर सुरुचि फौगाट को सम्मानित

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सासरौली निवासी शूटिंग की विश्व विजेता खिलाड़ी सुरुचि फौगाट ने अपने पिता हवलदार इंद्र सिंह फौगाट और अपने ताऊ सतीश पहलवान के साथ डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल से शिष्टाचार भेंट की। डीसी ने दोहा में आयोजित इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन शूटिंग विश्वकप फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सुरुचि फौगाट ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर अपने परिवार, गांव, जिला, प्रदेश और देश का नाम विश्व खेल पटल पर रोशन किया है। हम सभी कामना करते हैं कि भविष्य में ओलंपिक सहित अन्य खेल स्पर्धाओं में और मेडल जीतकर सुरुचि जिले का नाम रोशन करेगी। इस दौरान एडीसी जगनिवास, डीआरओ मनबीर सांगवान और डीआईपीआरओ सतीश कुमार ने भी विश्व विजेता खिलाड़ी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### सौ विद्यार्थियों को दी यूनिफार्म व जूते

**बहादुरगढ़।** दी भरत यादव फाउंडेशन द्वारा मंगलवार को किला मौहल्ला स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 100 छात्र–छात्राओं को स्कूल यूनिफॉर्म और जूते वितरित किए गए। फाउंडेशन की संस्थापिका अनुराधा यादव ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई में प्रोत्साहन देने और उनके आत्म-विश्वास को बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम किया गया। प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह ने फाउंडेशन के उद्देश्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे स्कूल में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी।

## आर्य समाज ने भजन व अभिनदंन से मनाया वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



आर्य समाज द्वारा मनाए जा रहे 18वें वार्षिक उत्सव के दौरान मंगलवार को खेड़ी खुम्मार में यज्ञ-भजन-प्रवचन एवं अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यज्ञ ब्रह्मा आचार्य योगेंद्र ब्रह्मचारी ने विधिपूर्वक यज्ञ में वेद मंत्रों के साथ उपस्थित लोगों की आहुतियां डलवाई। उन्होंने बताया कि यज्ञ करने से रोग व शोक दूर होते हैं। व्यक्ति की वेदों के प्रति श्रद्धा बनती है तथा उसे सुख की प्राप्ति होती है। विशिष्ठ अतिथि आचार्य गजराज नैष्ठिक ने बताया कि आर्य समाज सनातन धर्म का प्रचार पूरे मनोयोग से करता है। राजकीय संस्कृत अध्यापक कृष्ण शास्त्री ने बताया कि मातृ शक्ति के कारण हमारी संस्कृति महान रही है। कार्यक्रम में शामिल युवाओं व लोगों को आयोजक समिति सदस्यों द्वारा महापुरुषों के चित्रों के साथ सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिले सिंह आर्य, स्वामी कृष्णानंद, यादव महासभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा, पंडित जयभगवान आर्य, ब्रह्मचारी इंद्रजीत, जितेंद्र बराणी, सूबेदार मेजर कृष्ण कुमार, तारा, राजकुमार, राकेश, दयानंद, यशपाल, प्रकाश, कृष्ण चंद्र जांगडा, वेदप्रिय सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## सहवाग ने टांडाहेड़ी स्कूल में करवाया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



गांव टांडाहेड़ी के राजकीय विद्यालय में मंगलवार को योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग द्वारा निःशुल्क योग एवं प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की मुख्याध्यापिका पूनम राठी ने की। शिविर में शिक्षिका सुमन, मुक्ता, सुदेश, हंसराज, राकेश सहित सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग ने विद्यार्थियों को योग के महत्व, शिक्षा का महत्व, देशभक्ति की भावना, माता-पिता एवं गुरुजनों के सम्मान, भारतीय संस्कृति की रक्षा तथा प्रकृति संरक्षण जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। योगाचार्य जगदीश ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, फास्ट फूड का सेवन न करने तथा सामाजिक बुराइयों से बचने की प्रेरणा दी। साथ ही विद्यार्थियों को निर्भय, निडर, साहसी, जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनकर राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।



**झज्जर।** स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य मनोज भाटिया।

## स्वयंसेवकों को दिए परीक्षा में सफलता पाने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चलाए गए एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी संबंधी आवश्यक टिप्स दिए गए। कार्यक्रम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ के प्राचार्य मनोज भाटिया ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करते हुए स्वयंसेवकों को यूपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, राज्य और केंद्र स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने के उपायों से अवगत कराया। स्कूल प्राचार्या लाली कुमारी ने भी स्वयंसेवकों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी इंचार्ज मंदीप ने राष्ट्रीय एकता पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर पवन, पूनम, सुमन, वनिता, संतोष और कविता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### त्रिवेणी की जिया ने जीता रजत पदक

**बहादुरगढ़।** त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा जिया ने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हुई किंग ऑफ द रिंग इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा व प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि छोटी सी आयु में जिया की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। उन्होंने जिया के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिया ने अपने अनुशासन, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। जिया की इस सफलता में उनके कोच, अभिभावकों तथा विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिन्होंने सदैव उसका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया।

**सूचना**

मैं रोहित पुत्र अशोक कुमार निवासी गांव ढाणी सालहावास, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम रोहित से बदलकर रोहित जाखड़ रख लिया है। भविष्य में मुझे रोहित जाखड़ के नाम से जाना व पहचाना जाए।

## स्कूल ड्रॉप आउट बेटियों का दाखिला तय करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि शिक्षित बेटी सामाजिक उत्थान का आधार है। सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि स्कूल ड्रॉप आउट बेटियों का स्कूलों में दाखिला हो। स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही बेटियों को गुणवता की शिक्षा दें। बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ साथ उनकी प्रतिभा के अनुरूप अन्य क्षेत्रों में भी उनका कौशल निखारने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार एक अनवरत सतत प्रक्रिया है। सउन्होंने शत-प्रतिशत संस्थागत डिलिवरी और हर शिशु के जन्म का पंजीकरण करने पर फोकस करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग ने बैठक में बताया कि इस वर्ष में अभी तक 10 हजार 831 बच्चों के जन्म का पंजीकरण हुआ है। इनमें 5562 लड़के और 5169 लड़कियां शामिल है।

**निपुण हरियाणा मिशन** सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही : पूनिया

# दूसरी-तीसरी कक्षा के छात्रों का सेंसस आकलन पूरा

- प्रशिक्षण प्राप्त पीजीटी एवं टीजीटी शिक्षकों को ड्यूटी सौंपी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत जिले के सभी 291 प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा दूसरी एवं तीसरी के विद्यार्थियों का सेंसस आकलन सफलता पूर्वक पूरा हो गया है। जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि सोमवार को हिंदी विषय तथा मंगलवार को गणित विषय का आकलन किया गया। सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही। आकलन के संचालन के लिए प्रशिक्षण प्राप्त पीजीटी एवं टीजीटी शिक्षकों को ड्यूटी सौंपी गई।

जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारियों ने विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर आकलन प्रक्रिया का अवलोकन भी किया। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने-अपने खंडों के विद्यालयों का दौरा कर प्रक्रिया की गुणवत्ता सुनिश्चित की। जिला शिक्षा अधिकारी रतिंद्र सिंह ने राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय का दौरा किया।



**झज्जर।** विद्यार्थियों का सेंसस आंकलन करते हुए अध्यापिका विनोद बाला धनखड़। फोटो : हरिभूमि

इसी प्रकार डाइट माछरौली के प्राचार्य अनिल श्योरण ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय कहाड़ी व भटेड़ा, जिला परियोजना समन्वयक अनिल शर्मा ने राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय माजरी, जिला निपुण समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिकंदरपुर, दादनपुर और कुलाना में प्रक्रिया का अवलोकन किया। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रक्रिया से प्राप्त डेटा न केवल विद्यार्थियों की वर्तमान अधिगम स्थिति का सटीक चित्रण करेगा, प्राप्त आंकड़ों के माध्यम से आधारभूत साक्षरता एवं अंकगणितीय क्षमताओं को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक व डीईओ रतींद्र सिंह ने सभी आकलनकर्ताओं, शिक्षकों, विद्यालय प्रमुखों एवं बीईओ को बधाई देते हुए आशा जताई कि इस प्रामाणिक एवं विश्वसनीय डेटा के आधार पर भविष्य में प्रभावी रणनीतियां तैयार की जाएंगी।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विरेन्द्र कुमार गुप्ता (पुत्र) पुत्र/पति/पत्नी स्व. कमला देवी पत्नी श्री रामनिवास गुप्ता निवासी ईमली वाला मोहल्ला, बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No. 3BV4JSH7 Ward No. 24 कॉलोनी ईमली वाला मोहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 510 से 510 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नं. 3BV4JSH7 वार्ड नं. 24 कॉलोनी ईमली वाला मोहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति नं. 3BV4JSH7 510 वर्ग गर्ज प्रार्थी विरेन्द्र कुमार गुप्ता (पुत्र) पुत्र/पति/पत्नी स्व. कमला देवी पत्नी श्री रामनिवास गुप्ता के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद बहादुरगढ़।

# अलविदा 2025: सालभर होती रही सियासी उठापठक

रवींद्र राठी ⏩बहादुरगढ़

*बीत रहे वर्ष में राजनीतिक उठापठक का दौर जारी रहा। जनवरी में जहां सीएम नायब सैनी ने विधायक और भाजपा नेताओं में संतुलन बनाने से साल की शुरुआत की। वहीं खंड समिति अध्यक्ष वर्षा गौतम के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के साथ साल का अंत हुआ। इस बीच आर्यन मान ने दिल्ली विश्वविद्यालय के पद पर आसीन होकर बहादुरगढ़ के नाम का परचम पूरे देश में लहराया। उम्मीद है कि नूतन वर्ष-2026 में क्षेत्र की राजनीति नई दिशा लेगी।*

## सीएम ने साधा राजनीतिक संतुलन




तीन जनवरी को बहादुरगढ़ की सब्जी मंडी में सावित्री बाई फुले की जयंती पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राजनीतिक संतुलन बनाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा था कि अब बहादुरगढ़ के पास राजेश जून और दिनेश कौशिक के रूप में दो सेवक हैं।

## हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष बने



हरियाणा ओलंपिक संघ की नई कार्यकारिणी में इस बार बहादुरगढ़ से दो पदाधिकारियों को जगह मिली। बहादुरगढ़ से डॉ. राकेश सिंह कोच और अनिल खत्री को उपाध्यक्ष का दायित्व मिला। डॉ. राकेश सिंह कोच हरियाणा रेसिलंग एसोसिएशन के महासचिव हैं। जबकि अनिल खत्री हरियाणा स्वीमिंग एसोसिएशन के महासचिव हैं।

## डूसू में प्रधान बने आर्यन मान



दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर बहादुरगढ़ निवासी एबीवीपी के प्रत्याशी आर्यन मान को 28 हजार 841 वोट मिले। उनके पिता सिकंदर मान गांव सिद्धीपुर लोवा के सरपंच रहे हैं। जबकि ताऊ अशोक मान लोवा सतरह के प्रधान हैं। उनके दूसरे ताऊ दलबीर मान व्यवसायी हैं। आर्यन की जीत के बाद कई लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, सीएम योगी आदित्यनाथ व सीएम नायब सैनी समेत अनेक वरिष्ठ नेताओं ने राजनीति में उनके भविष्य उज्ज्वल की कामना की।

## सेना में अफसर बने बहादुरगढ़ के 6 युवा



बहादुरगढ़ के 6 युवा सेना में अफसर चुने गए। गांव मांडोठी निवासी सूर्यकांत दलाल और आसौदा के मयंक दलाल एनडीए के माध्यम, गांव जाखौदा के साहिल दलाल सीडीएस के माध्यम से सेना में लेफ्टिनेंट बने। डाबोदा कलां का सुशील दलाल ईएमई में सिपाही था और परीक्षा देकर स्पेशल कमिशन के माध्यम से सेना में ऑफिसर बना। प्रवर दलाल भी लेफ्टिनेंट बना और अमित दलाल बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट के रूप में चयनित हुआ।

## अरुणाचल में लगी ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी की प्रतिमा



अरुणाचल प्रदेश के न्यूकमडुंग युद्ध स्मारक में गांव सांखोल निवासी ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी की प्रतिमा स्थापित की गई। चीन के साथ युद्ध के दौरान 27 नवंबर 1962 को अभूतपूर्व शौर्य व पराक्रम दिखाते हुए बलिदान हो गए थे। इस साल मार्च महीने में उसी जगह पर उनकी प्रतिमा अनावरण पूरे हरियाणा के लिए गौरव की बात है।

## यूईआर-2 से लगे बहादुरगढ़ के विकास को पंख



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 17 अगस्त को अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 का उद्घाटन कर दिया। यूईआर-2 को तीन चरणों में 75 किलोमीटर से अधिक लंबाई में विकसित किया गया है। करीब आठ हजार करोड़ रुपये की लागत से बनी यह सड़क दिल्ली से गुरुग्राम, बहादुरगढ़, रोहतक और सोनीपत का सफर आसान बना रही है।

## विनोद चेयरमैन और प्रदीप बने वाइस चेयरमैन



प्रदेश सरकार ने बहादुरगढ़ निवासी विनोद कौशिक को मार्केट कमेटी का चेयरमैन और प्रदीप गुप्ता को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। ये दोनों नेता भाजपा नेता दिनेश कौशिक के नजदीकि हैं। उन्हें पदभार संभलवाने के लिए ओमप्रकाश धनखड़ यहां आए और कहा कि भाजपा सरकार ने दोनों की निष्ठा और मेहनत को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है।

## प्रणामी, अमित व राजबाला मनोनीत हुए पार्षद



हरियाणा सरकार ने उत्तर भारत की प्रसिद्ध लोकगायिका राजबाला, भाजपा के फायर ब्रांड प्रवक्ता भीम सिंह प्रणामी और अमित कौशिक को बहादुरगढ़ नगर परिषद का सदस्य मनोनीत किया। तीनों ने सीएम नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली, जिलाध्यक्ष विकास बाल्मीकि के साथ ही दिनेश कौशिक का का आभार जताया।

## जलभराव से निपटने को उतरी सेना



शहर के विवेकानंद नगर, छोटूराम नगर और दिल्ली की गीतांजलि कॉलोनी के साथ विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से जूझ रहे नागरिकों को राहत दिलाने के लिए एनडीआरएफ की टीमों के साथ अक्टूबर महीने के पहले सप्ताह में सेना की टुकड़ी को भी बचाव व राहत कार्य में जुटना पड़ा।

## बॉस्केटबॉल पोल टूटने से अमन की मौत



रेलवे रोड स्थित शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में बास्केटबॉल का पोल गिरने से घायल हुए किशोर अमन की पीजीआई रोहतक में मौत हो गई। अमन दो बहनों में इकलौता भाई था। उसकी मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने दुर्घटना के एक महीने बाद एफआईआर दर्ज की।

## पांच महिला शिल्पकारों को मिला अवार्ड



बहादुरगढ़ के बोंदवाल परिवार के प्रयासों से हरियाणा सरकार ने बहादुरगढ़ की 5 महिला शिल्पकारों को 28 जुलाई को राज्यस्तरीय तीज महोत्सव में सम्मानित किया। इनमें टीचर बस्ती निवासी ममता त्रिपाठी को माटी कला के लिए, अनाज मंडी निवासी कोमल गुप्ता को मिनिएचर पेंसिल कार्विंग के लिए, कबीर बस्ती निवासी उषा रानी को कले वर्क के लिए, अनाज मंडी निवासी साक्षी गर्ग को सांझी आर्ट और नई बस्ती निवासी ज्योति शर्मा को पेंटिंग के लिए वर्ष 2018 का स्टेट अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

## ब्रह्माकुमारियों को एचएल सिटी में मिली 2 एकड़ भूमि




शहर की एचएल सिटी के निदेशक राकेश जून ने समाज में नैतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय परिवार को लगभग 2 एकड़ भूमि भेंट स्वरूप समर्पित की। इस भूमि पर राजयोग मेडिटेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी। यहां 22 जून को भूमि पूजन समारोह श्रद्धा एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।

## एसीपी दिनेश को महंगा पड़ा रील बनाना



शहर के पटेल नगर में एसीपी दिनेश सांगवान के नेतृत्व में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सब्जियों की दुकान पर जेसीबी चलाई गई थी। उस घटनाक्रम की वीडियो देशभर में वायरल हो गई। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बॉक्सर दिनेश सांगवान को एसीपी ट्रैफिक बहादुरगढ़ व आसौदा के मुक्त कर उन्हें पुलिस कमिश्नर कार्यालय झज्जर अटैच कर दिया। इस कार्रवाई के बाद लोगों की मिली जुली प्रतिक्रिया सामने आई है। कई लोगों ने उनके समर्थन में प्रदर्शन भी किया।

## खंड समिति अध्यक्ष वर्षा गौतम हटी



एडीसी जगनिवास की अध्यक्षता में 29 दिसंबर को हुई बैठक में खंड समिति अध्यक्ष वर्षा गौतम के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पास हो गया। वे 31 दिसंबर 2022 को पूर्व विधायक नरेश कौशिक के आशीर्वाद से प्रधान बनी थी। भाजपा नेता दिनेश कौशिक के प्रयासों से कुल 30 वार्डों में से 20 के प्रतिनिधियों ने उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर वोट डाला और उन्हें पद से हटा दिया।

## निर्माणाधीन मंदिर पर जेसीबी चलने से विवाद



जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने 5 अगस्त को गांव कसार के रकबे में अवैध निर्माण के विरुद्ध अभियान चलाते हुए एचएसआईआईडीसी के निकट सालासर बालाजी के निर्माणाधीन मंदिर पर भी जेसीबी चला दी। भाजपा समेत हिंदूवादी संगठन इसे लेकर आक्रोशित हो गए। मामला सीएम के दरबार तक पहुंचा।

## 23 दिसंबर: तूड़ी से भरा ट्राला अनियंत्रित होकर गाड़ी पर पलटा, पांच लोगों की मौत



शहर के रेवाड़ी रोड से गुरुग्राम रोड को जोड़ने वाले बाईपास पर एक तूड़े से भरा ओवरलोड ट्राला एक गाड़ी के ऊपर पलट गया जिसके नीचे दबने से कार सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सभी मृतक सेटरिंग के व्यवसाय से जुड़े थे और इनमें से दो सगे भाई थे।

## आधुनिक सुविधाओं से युक्त जिलास्तरीय खेल स्टेडियम



झज्जर-गुरुग्राम मार्ग पर जिला स्तरीय खेल स्टेडियम निर्माणाधीन है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस वर्ष आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस स्टेडियम का निर्माण पूरा हो जाएगा। जिससे खिलाड़ियों को काफी लाभ होगा।

## ये मिली सौगात झज्जर नागरिक अस्पताल दो सौ बैड का बनना




स्थानीय नागरिक अस्पताल को दो सौ बैड बनाने की योजना है। जिसमें मरीजों को आधुनिक सुविधाएं मिलेगी और पूरे क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा।

## 25 अक्टूबर: जमीनी विवाद में की पिता और भाई की हत्या



गांव औरंगपुर के खेतों में जमीनी विवाद को लेकर अपने पिता और भाई की हत्या कर शव को जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। करीब दो से ढाई माह पूर्व हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद सबूत को मिटाने के लिए शव को जलाने का भी प्रयास किया गया। मृतकों की पहचान करीब खजान सिंह और उसके छोटे बेटे संजय के तौर पर हुई है।

## 6 दिसंबर: झज्जर की सुरुचि फौगाट ने दोहा शूटिंग वर्ल्ड कप में गोल्ड जीतकर रचा इतिहास



जिले की बेटी सुरुचि फौगाट ने दोहा में आयोजित शूटिंग वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत कर देश का नाम दुनियाभर में रोशन किया है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर संघर्ष और मेहनत की मिसाल बनीं सुरुचि अब तक 35 से अधिक पदक जीत चुकी है।

## 8 मार्च: शादी से नाखुश पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर करवाई पति की हत्या



क्षेत्र के गांव महराणा में गोली मार कर युवक की हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा युवक की पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसीपी अनिल कुमार ने मृतक की पत्नी इस रिश्ते से खुश नहीं थी। उसका पहले ही अपने गांव के एक व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध थे।

## फरुखनगर से झज्जर और चरखी दादरी तक रेल लाइन बिछाने का कार्य




क्षेत्र वासियों को इस वर्ष सबसे बड़ी उम्मीद फरुखनगर को झज्जर से चरखी दादरी तक रेल मार्ग से जोड़ना है। अगर यह प्रोजेक्ट पूरा होता है तो आमजन के साथ-साथ व्यापारियों को बहुत लाभ होगा।

## 30 नवंबर: आठमान के भंडारे में यूपी के सीएम सहित पूरे भारतवर्ष से एकत्रित हुए नाथ संप्रदाय के संत




क्षेत्र के गांव कबलाना स्थित श्रीश्री 1008 बाबा पालनाथ के धूना स्थल पर आयोजित आठमान भंडारे में यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ सहित पूरे भारत वर्ष से हजारों की संख्या में नाथ संप्रदाय के साधु संत पहुंचे। कार्यक्रम में भारी भीड़ देखकर यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ ने कहा कि झज्जर के कबलाना गांव आकर प्रयागराज के महाकुंभ मेले की याद आ गई है।

## 21 अप्रैल: जन स्वास्थ्य विभाग के जेई को 48 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा



रोहतक एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जन स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत जेई को 48 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। डीएसपी सोमबीर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि झज्जर जन स्वास्थ्य विभाग में तैनात अंकित नामक जेई ठेकेदार का बिल पास करने के लिए रिश्वत की मांग कर रहा है।

## 12 सितंबर: धर्मनगरी बेरी में कलयुगी बेटे ने तेजधार हथियार से की मां की हत्या



कस्बा बेरी के हिंदयाण पाना में तेजधार हथियार से गला रेत कर एक युवक ने अपनी मां की हत्या कर दी। घर पर दोनों मां-बेटे ही रहते थे। जब बुजुर्ग महिला दो दिनों तक किसी को दिखाई नहीं दी तो ग्रामीणों ने घर पहुंच कर देखा। महिला का शव लहूलुहान हालत में फर्श पर पड़ा था। मृतका की पहचान करीब 63 वर्षीय कृष्णा देवी के तौर पर हुई है।

## झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग का फोर लेन होना




झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग का फोर लेन निर्माण का कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इससे यातायात सुगम होगा और समय की भी बचत होगी।

## 3 जुलाई: सौंदर्यीकरण की आड़ में काट दिए वर्षों पुराने हरे-भरे पेड़



शहर के ऐतिहासिक शहीदी पार्क में सौंदर्यकरण के नाम पर वर्षों पुराने हरे भरे पेड़ काट दिए गए है। मामले के संज्ञान में आने के बाद जहां नप द्वारा संबंधित एनजीओ को नोटिस जारी कर दिया है। वहीं डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भी जांच के आदेश दिए गए।

## 16 जनवरी: झज्जर के आईआईटियन बाबा अभय सिंह की खूब रही चर्चा



उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेले में आईआईटियन बाबा के नाम से मशहूर हुए अभय सिंह ग्रेवाल की पूरे भारत वर्ष में खूब चरचा हुई। अभय सिंह ग्रेवाल वर्ष 2008 में 731वीं रैंक हासिल करते हुए आईआईटी मुंबई में अपनी जगह बनाई थी।

## 9 जनवरी/10 अगस्त: ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर माजरा-इस्लामगढ़ का बदला नाम




जिले की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर माजरा का नौ जनवरी को नाम बदलकर बिरहड़ माजरा और ग्राम पंचायत इस्लामगढ़ का 10 अगस्त को नाम बदलकर छुछकवास कर दिया गया है। ग्राम पंचायत से जुड़े सभी आधिकारिक दस्तावेजों में नए नाम को मान्यता दी जाएगी।

## छुछकवास बाईपास का निर्माण कार्य



छुछकवास बाईपास का निर्माण कार्य इस वर्ष शुरू होने की पूरी उम्मीद है। विभागीय स्तर पर जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। इससे ग्रामीणों व वाहन चालकों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

## 4 अक्टूबर: अंसतुलित होकर बस से टकराया ट्राला, बस में बैठे पचास कर्मचारी घायल



क्षेत्र के गांव दादरी तोए के नजदीक एक ट्राला असंतुलित होकर डिवाइडर पार करते हुए एक निजी कंपनी में कर्मचारियों को ले जा रही बस से जा टकराया गया। इस हादसे में ट्राला चालक सहित बस में बैठे करीब पचास कर्मचारी घायल हो गए।